अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

21 MARCH 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1 वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 के अनुसार, यूरोपीय देश फिनलैंड दुनिया का सबसे अधिक खुशहाल देश**



- वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 के अनुसार, यूरोपीय देश फिनलैंड दुनिया का सबसे अधिक खुशहाल देश है.
- फिनलैंड लगातार सातवें साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना हुआ है.
- वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत पिछले साल की तरह ही 126वें स्थान पर बरक़रार है.
- वहीं भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान रैंक में 108वें स्थान पर और श्रीलंका 128वें स्थान पर है.
- अमेरिका 23वें स्थान पर है.
- **2024 में दुनिया के 10 सबसे खुशहाल देश**

| Rank | Country |
|---|---|
| 1. | Finland |
| 2. | Denmark |
| 3. | Iceland |
| 4. | Sweden |
| 5. | Israel |
| 6. | Netherlands |
| 7. | Norway |
| 8. | Luxembourg |
| 9. | Switzerland |
| 10. | Australia |

**2 इसरो ने गगनयान क्रू की सहायता के लिए एक बहुउद्देश्यीय ऐप 'सखी' ऐप लांच किया**




- तिरुवनंतपुरम के थुम्बा में स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) ने गगनयान क्रू की सहायता के लिए एक बहुउद्देश्यीय ऐप 'सखी' (Space-borne Assistant and Knowledge Hub for Crew Interaction-SAKHI) लांच किया है.
- यह ऐप अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य और पृथ्वी पर इसरो के साथ संचार बनाए रखने में मदद करेगा.
- इसरो साल 2025 में गगनयान मानव मिशन को लांच कर सकता है.

**3 इंटरनेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस : 20 मार्च**




- इंटरनेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस (अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस) संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 20 मार्च को आयोजित किया जाने वाला एक ग्लोबल इवेंट है.
- जुलाई 2012 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने 20 मार्च को इंटरनेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया था.
- इस दिवस का उद्देश्य लोगों को सरल और खुशहाल जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित करना है.
- इस वर्ष 2024 के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस की थीम 'रीक्नेक्टिंग फॉर हैप्पीनेस बिल्डिंग रेसिलिएन्ट कम्यूनिटीज' है।

**4 सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार मिला**



- झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तमिलिसाई सौंदर्यराजन के स्थान पर तेलंगाना के प्रभारी राज्यपाल के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है. इससे पहले सौंदर्यराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था. वह पुडुचेरी के उपराज्यपाल की अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी संभालेंगे.

- तमिलिसाई सुंदरराजन ने तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में अपने संवैधानिक पद से इस्तीफा दे दिया है।
- राष्ट्रपति भवन से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तमिलिसाई का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है और राधाकृष्णन को तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार संभालने के लिए नियुक्त किया गया है।
- राधाकृष्णन लगातार कार्यकाल के लिए तेलंगाना में राज्यपाल पद पर रहने वाले तमिलनाडु के तीसरे व्यक्ति हैं। पहले ईएसएल नरसिम्हन थे, उसके बाद तमिलिसाई साउंडराजन थे।

### 5 विनय कुमार को रूस में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया



- विदेश मंत्रालय ने देश के वरिष्ठ राजनयिक विनय कुमार को रूस में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है.
- विनय कुमार वर्तमान में म्यांमार में भारत के राजदूत के पद पर कार्यरत है.
- विनय कुमार 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी है.
- रक्षा के क्षेत्र में भारत का रूस के साथ दीर्घकालिक और व्यापक सहयोग है. भारत सर्वाधिक हथियारों का आयात रूस से ही करता है.

### 6 संजय मुखर्जी होंगे पश्चिम बंगाल के नए DGP



- चुनाव आयोग ने मंगलवार को IPS संजय मुखर्जी को पश्चिम बंगाल का नया डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) नियुक्त किया है।
- एक दिन पहले आयोग ने पश्चिम बंगाल के DGP राजीव कुमार और 6 राज्यों के गृह सचिव को पद से हटा दिया था।.

### 7 प्रभा वर्मा को काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए मिलेगा 2023 का सरस्वती सम्मान



- वर्ष 1991 से दिया जा रहा सरस्वती सम्मान सबसे पहले प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर हरिवंश राय बच्चन को उनकी कृति 'दशद्वार से सोपान तक' के लिए दिया गया था।
- अभी तक यह पुरस्कार जिन प्रमुख भारतीय साहित्यकारों को मिल चुका है, उनमें रमाकांत रथ, विजय तेंदुलकर, शंघघोष, दिलीप कौर टिवाणा, सुनील गंगोपाध्याय, गोविंद मिश्र, पद्मा सचदेव, एम वीरप्पा मोइली, रामदरश मिश्र प्रमुख हैं।
- प्रभा वर्मा का जन्म 1959 में केरल के तिरुवल नामक कस्बे में हुआ था।

### 8 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया




- पहला विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च 2010 को मनाया गया था।
- नेचर फॉरएवर सोसाइटी ऑफ इंडिया और फ्रांस के इको-सिस एक्शन फाउंडेशन ने उनके संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए इस दिन को मनाने की पहल शुरू की।
- हाउस स्पैरो (पासर डोमेस्टिकस) दुनिया में सबसे व्यापक रूप से देखा जाने वाला जंगली पक्षी है।

### 9 पोखरा को नेपाल की पर्यटन राजधानी घोषित किया



- अपने पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, नेपाल सरकार ने गंडकी प्रांत के एक शहर पोखरा को आधिकारिक तौर पर हिमालयी राष्ट्र की पर्यटन राजधानी घोषित कर दिया है।
- यह घोषणा फेवा झील के तट पर बाराही घाट पर आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान की गई थी।
- **नेपाल के बारे में :-**
- नेपाल की राजधानी: काठमांडू;
- नेपाल की मुद्रा: नेपाली रुपया;
- नेपाल के प्रधान मंत्री: पुष्प कमल दहल;
- नेपाल के राष्ट्रपति: राम चंद्र पौडेल

**10 भारतीय नृत्यांगना डॉ. उमा रेले को महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया**

- 

- डॉ. उमा रेले को भरत नाट्यम में उनके योगदान के लिए महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- उन्होंने अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान से निकलकर नालंदा नृत्य कला महाविद्यालय में नृत्य में महारत हासिल की और नवाचार किया।
- महत्वपूर्ण भरतनाट्यम नर्तकः यामिनी कृष्णमूर्ति, पद्मा सुब्रमण्यम, रुक्मिणी देवी अरुंडेल, मल्लिका साराभाई

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 के अनुसार, दुनिया का सबसे खुशहाल देश कौन है?**
(a) डेनमार्क
(b) जर्मनी
(c) फिनलैंड
(d) आइसलैंड

**2. इसरो ने गगनयान क्रू की सहायता के लिए कौन-सा ऐप लांच किया है?**
(a) 'सखी'
(b) 'मदद'
(c) 'आकाश'
(d) 'समर्थ'

**3. इंटरनेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
(a) 18 मार्च
(b) 19 मार्च
(c) 20 मार्च
(d) 21 मार्च

**4. हाल ही में तेलंगाना के प्रभारी राज्यपाल के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी किसे दी गयी है?**
(a) आनंदीबेन पटेल
(b) कलराज मिश्र
(c) सीपी राधाकृष्णन
(d) महेंद्र नाथ यादव

**5. रूस में भारत के नए राजदूत के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) विनय कुमार
(b) परसोत्तम रुपाला
(c) अजय नागर
(d) आर के अग्रवाल

**6. चुनाव आयोग ने मंगलवार को IPS संजय मुखर्जी को किस राज्य का नया डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) नियुक्त किया है?**
(a) तेलंगाना
(b) पश्चिम बंगाल
(c) राजस्थान
(d) उत्तर प्रदेश

**7. किसे काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए 2023 का सरस्वती सम्मान मिलेगा?**
(a) प्रभा वर्मा
(b) अरुणिमा सिन्हा
(c) देव राठी
(d) जय कुमार

**8. विश्व गौरैया दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 18 मार्च
(b) 19 मार्च
(c) 20 मार्च
(d) 21 मार्च

**9. हाल ही में पोखरा को किस देश की पर्यटन राजधानी घोषित किया गया है?**
(a) बांग्लादेश
(b) सऊदी अरब
(c) नेपाल
(d) इनमें से कोई नहीं

**10. हाल ही में किसे महाराष्ट्र गौरव पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है?**
(a) आर के अग्रवाल
(b) डॉ. उमा रेले
(c) विनय कुमार
(d) परसोत्तम रुपाला

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (a) | (c) | (c) | (a) | (b) | (a) | (c) | (c) | (b) |